समाचार विज्ञप्ति

अल्बर्टा की कक्षाओं में ध्यान भंग होने को सीमित करना

17 जून 2024 मीडिया पूछताछ

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षित करने तथा ध्यान भंग होने को कम करने के लिए, नए मानकों में कक्षाओं में व्यक्तिगत मोबाइल उपकरणों और स्कूल के नेटवर्क पर सोशल मीडिया के इस्तेमाल को सीमित किया जाएगा।

व्यक्तिगत मोबाइल उपकरणों और सोशल मीडिया का जीवन के प्रत्येक पहलू में अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाने लगा है और अल्बर्टा की कक्षाएं भी कोई अपवाद नहीं हैं। हालांकि शिक्षण में सहायता के लिए ये उपयोगी साधन हो सकते हैं, लेकिन 68,000 माता-पिता, अध्यापकों, शिक्षा साझेदारों और विद्यार्थियों से प्राप्त फीडबैक में यह कहा गया है कि व्यक्तिगत मोबाइल उपकरण और सोशल मीडिया, विद्यार्थियों की उपलब्धि और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

उस फीडबैक के आधार पर, अल्बर्टा सरकार मानक तय कर रही है, जिनको यह सुनिश्चित करने के लिए 1 सितम्बर से लागू किया जाएगा कि व्यक्तिगत मोबाइल उपकरण और सोशल मीडिया शिक्षण में बाधा साबित न हों।

"माता-पिता, अध्यापकों, विद्यार्थियों और हमारे शिक्षा साझेदारों की स्पष्ट राय थी कि कक्षा में मोबाइल उपकरण और सोशल मीडिया का इस्तेमाल चिंता का विषय है। ध्यान भंग होना तथा धमकाने आदि को कम करने, शिक्षण समय को अधिकतम करने तथा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में सहायता के लिए, हम पढ़ाई के दौरान व्यक्तिगत मोबाइल उपकरणों के इस्तेमाल को सीमित करके विद्यार्थियों की रक्षा के लिए सुविचारित कदम उठा रहे हैं।

डेमेट्रिओस निकोलाइड्स, शिक्षा मंत्री

व्यक्तिगत मोबाइल उपकरणों से संबंधित नए मानकों में अल्बर्टा में के-12 पब्लिक, सेपरेट, फ्रेंकोफोन, पब्लिक चार्टर, स्वतंत्र स्कूल प्राधिकरणों और प्रारम्भिक बाल्यावस्था सेवाएं प्रचालकों के लिए प्रतिबंध, प्रवर्तन कार्य-विधियां

और अपवाद लागू किए जाएंगे। स्वास्थ्य और चिकित्सा ज़रूरतों, विशेषीकृत शिक्षण ज़रूरतों के संबंध में सहायता करने और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए विद्यार्थियों के लिए पूरे प्रोविंस में अपवाद लागू किए जाएंगे।

स्कूल प्राधिकरणों द्वारा अपने स्कूलों में व्यक्तिगत मोबाइल उपकरणों और सोशल मीडिया के इस्तेमाल के लिए स्थानीय रूप से विकसित नीतियों और कार्य-विधियों को लागू किया जाएगा। ये नीतियां और प्रक्रियाएं प्रोविंशियल मानकों के अनुसार ही होनी चाहिए, लेकिन जिन समुदायों और विद्यार्थियों को वे सेवाएं प्रदान करते हैं, उनकी खास ज़रूरतों को पूरा करने के लिए, इनमें स्वायत्तता और लचीलेपन की अनुमति प्रदान की जाएगी।

आने वाले सप्ताहों और महीनों में स्कूल प्राधिकरण अपनी नीतियों और नियमों से संबंधित ब्यौरा माता-पिता और अभिभावकों के साथ साझा करेंगे।

त्वरित तथ्य

- वर्तमान में अल्बर्टा स्कूल प्राधिकरणों को स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा सेलफोन के इस्तेमाल से संबंधित स्वयं की नीति तय करने की स्वायत्तता प्राप्त है। पूरे प्रोविंस में इन नीतियों में बहुत अधिक अंतर है।
- हाल के वर्षों में, आन्टेरियो, क्यूबेक तथा ब्रिटिश कोलंबिया सभी ने कुछ अपवादों को लागू करके, स्कूलों में सेलफोन के इस्तेमाल पर पूरे प्रोविंस में प्रतिबंधों की घोषणा की है।
- अल्बर्टा एजुकेशन द्वारा विद्यार्थियों, माता-पिता और शिक्षण साझेदारों के साथ बातचीत की गई।
    - माता-पिता और स्कूल हितधारकों से 68,000 से अधिक उत्तर प्राप्त हुए। लगभग 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्कूल में विद्यार्थी द्वारा सेलफोन के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की गई।
    - अनेक शिक्षा हितधारकों द्वारा दो वर्चुअल संलग्नता सत्रों में भागीदारी की गई।

संबंधित जानकारी

- स्कूलों में सेलफोन का इस्तेमाल

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

मीडिया पूछताछ

केविन ली

780-427-5010
प्रेस सचिव, शिक्षा